''हिंदी पखवाड़ा, 2019'' का शुभारंभ

कोयला मंत्रालय में हिंदी पखवाड़ा, 2019 के आयोजन के संबंध 02 सितंबर, 2019 को मंत्रालय के सम्मेलन कक्ष में पखवाड़ा के शुभारंभ का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पखवाड़े का उद्घाटन माननीय सचिव महोदय द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव (बीपीपी) ने सचिव महोदय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर सचिव महोदय ने कहा कि हिंदी भाषा उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। विदेशी कंपनियां भी दूरदर्शन आदि पर अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने के लिए हिंदी भाषा का सहारा ले रही हैं। उन्होंने मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों से पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया।

सचिव महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हिंदी भारत संघ की राजभाषा है। अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करना हमारा संवैधानिक और नैतिक दायित्व है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारी न केवल विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे बल्कि अपने दैनिक कामकाज में भी हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देंगे।

इस अवसर पर सुबोध कुमार, संयुक्त निदेशक (रा.भा.) ने कुछ पंक्तियां उद्धृत कीं:-

''पिता की डांट से मां की लोरियों तक,

स्कूल की किताबों से यारों की टोलियों तक,

जिनसे जो कुछ भी मैंने पाया है,

हिंदी भाषा ने इन सबमें अपना किरदार निभाया है।''

अंत में उन्होंने सचिव महोदय, अपर सचिव महोदय तथा उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

''हिंदी पखवाड़ा, 2019'' के शुभारंभ में भाग लेते अधिकारी और कर्मचारी

हिंदी पखवाड़ा, 2019
का
शुभारंभ
(दिनांक: 02 सितंबर, 2019)
PRESTIGE

का
शुभारंभ
इस अवसर पर आप सभी का हार्दिक
स्वागत है।
(दिनांक: 02 सितंबर, 2019)
PRESTIGE

शुभारंभ
इस अवसर पर आप सभी का हार्दिक स्वागत है।
(दिनांक: 02 सितंबर, 2019)
PRESTIGE
Ultra Soft Tissues